# एनएमडीसी विश्व पर्यावरण दिवस पर सुस्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की




**भोपाल।** भारत के जिम्मेवार माइनर और सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने आज हैदराबाद में अपने प्रधान कार्यालय और संपूर्ण भारत की परियोजनाओं में पर्यावरण पोषण की प्रतिज्ञा लेते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2024 मनाया।

समारोह की शुरुआत औपचारिक दीप प्रवलन से हुई। तत्पश्चात अमिताभ मुखर्जी , सीएमडी( अतिरिक्त प्रभार), विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) और बी. विश्वनाथ, सीवीओ एवं वरिष्ठ प्रबंधन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पर्यावरण की संरक्षण की प्रतिज्ञा ली।' भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' की थीम के अनुरूप एक विशेष वीडियो जारी किया गया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए और सुस्थिरता के महत्व पर जोर देते हुए, अमिताभ मुखर्जी ने कहा, पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जो जीवन का समर्थन करता है और स्वयं में सुधार करने की क्षमता रखता है, लेकिन सवाल उठता है कि हमें कौन संभालेगा? क्या हम जिम्मेदारी से रह रहे हैं और अपनी भविष्य की पीढ़ी के लिए संसाधनों को संरक्षित कर रहे हैं। हमें व्यक्तिगत स्तर पर अपने कार्बन फुटप्रिंट का ध्यान रखने की आवश्यकता है। हमारे कदम सीधे अंतर-पीढ़ी इक्विटी से संबंधित हैं, इसलिए बेहतर कल के लिए एक बुद्धिमान और स्थायी विकल्प चुनें। विनय कुमार ने सतत विकास के लिए जल प्रबंधन, वनों की कटाई, ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने आगे कहा, हमें संरक्षण पर कार्य करते हुए आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करना होगा। इस कार्यक्रम में अमिताभ मुखर्जी द्वारा एनएमडीसी पर्यावरण दिवस 2024 संस्मरणों का भी शुभारंभ किया गया। एनएमडीसी प्रधान कार्यालय में आयोजित पर्यावरण दिवस प्रतियोगिता के विजेताओं को अमिताभ मुखर्जी, विनय कुमार और बी विश्वनाथ ने सम्मानित किया।

इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी ने अपने प्रमुख परियोजना स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। पर्यावरण संरक्षण में अधिक जागरूकता और भागीदारी को बढ़ाने के लिए छात्रों और कर्मचारियों के लिए पोस्टर-बनाने और निबंध लेखन की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन पहलों के माध्यम से, एनएमडीसी ने सुस्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि की। कंपनी पर्यावरणीय प्रबंधन को प्राथमिकता देती है, यह सुनिश्चित करती है कि इसके संचालन भूमंडल और भविष्य की पीढ़ियों के हित में योगदान दें।

## रिलेक्सो फुटवियर्स ने स्प्रिंग समर कलेक्शन का लॉन्च किया

**भोपाल।** भारत की सबसे बड़ी फुटवियर निर्माता कंपनी रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के ब्राण्ड फ्लाइट ने अपने स्प्रिंग-समर 2024 (एसएस'24) कलेक्शन का लॉन्च किया है। इस नई रेंज में 100 से अधिक रिफ्रैशिंग डिज़ाइन शामिल हैं, जिन्हें हर डीटेल को ध्यान में रखते हुए बारीकी से तैयार किया गया है। वाइब्रेन्ट कलर कॉम्बिनेशन्स से लेकर विभिन्न प्रकार के बेस मटीरियल तक, फ्लाइट के फुटवियर की रेंज पुरूषों एवं महिलाओं दोनों की जीवनशैली संबंधी ज़रूरतों को पूरा करती है। गुणवत्ता, आराम और किफ़ायती दामों के लिए विख्यात फ्लाइट उपभोक्ताओं की जीवनशैली की ज़रूरतों पर खरा उतरते हुए उनका पसंदीदा ब्राण्ड बना हुआ है। खासतौर पर महिलाओं के लिए पेश किया गया बैले कलेक्शन, फैशनेबल डिज़ाइन एवं बेजोड़ आराम का बेहतरीन संयोजन है और सुनिश्चित करता है कि महिलाएं हर समय आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। वे लोग जो ऑफिस या खास मौकों के लिए फॉर्मल फुटवियर चाहते हैं, उनके लिए फ्लाइट स्टाइल एवं आराम को ध्यान में रखते हुए उच्च गुणवत्ता के विकल्प लेकर आता है। वहीं दूसरी ओर युवाओं को ध्यान में रखते हुए लाई गई रेंज अरबन बेसिक्स में ट्रैंडी और प्रेक्टिकल फुटवियर शामिल हैं जो रोज़मर्रा के लिए बेहतरीन हैं। इसी तरह महिलाओं के लिए पेश की गई फ्लाइट की पीयू रेंज की बात करें तो इसमें वाइब्रेन्ट कलर्स एवं ट्रैंडी डिज़ाइनों के शानदार फुटवियर हैं जो आराम के साथ समझौता किए बिना किसी भी परिधान की खूबसूरती में चार-चांद लगा देते हैं।

## मई में निसान मोटर इंडिया ने की 6204 कारों की बिक्री

**भोपाल ।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने मई, 2024 में होलसेल मार्केट में कुल 6204 कारों की बिक्री का आंकड़ा जारी किया है। अप्रैल, 2024 के 3043 कारों की तुलना में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है।

मई, 2023 की तुलना में निसान मोटर इंडिया ने बिक्री में 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मई, 2023 के 4631 कारों की तुलना में मई, 2024 में 6204 कारों की बिक्री हुई। इनमें से कंपनी ने मई, 2024 में घरेलू होलसेल बाजार में 2211 कारें बेचीं। अप्रैल, 2024 में बिक्री का आंकड़ा 2404 और मई, 2023 में 2618 कारों का रहा था। बीते महीने निर्यात बाजार में बिक्री के आंकड़ों में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला। कंपनी ने अप्रैल, 2024 में निर्यात बाजार में 639 कारें और मई, 2023 में 2013 कारें बेची थीं। इसकी तुलना में मई, 2024 में निर्यात बाजार में बिक्री का आंकड़ा 3993 कारों का रहा। यह प्रभावशाली प्रदर्शन अपने ग्राहकों को अद्वितीय सर्विस क्वालिटी और अनुभव देने की दिशा में निसान की प्रतिबद्धता को दिखाता है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'आशावादी रवैये और हमारी टीम के मजबूत प्रयासों ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे साझा प्रयासों के दम पर इस तरह के अद्वितीय नतीजे प्रेरणादायक हैं। आगे बढ़ने के इस सफर पर ग्राहकों को प्राथमिकता में रखने की हमारी प्रतिबद्धता यथावत बनी हुई है। हर कदम पर ग्राहकों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहते हुए हम अपनी पहुंच बढ़ाने और भारतीय बाजार में अपनी ऑफरिंग्स को विस्तार देने के लिए समर्पित हैं।'निसान मैग्नाइट के साथ निसान मोटर इंडिया विकास की राह पर बढ़ रही है। निसान मैग्नाइट ने देश और विदेश में लगातार ग्राहकों को लुभाया है। दिसंबर, 2020 में अपनी लॉन्चिंग के बाद से मैग्नाइट ने जबर्दस्त लोकप्रियता हासिल की है।

# मिआ बाय तनिष्क ने सस्टेनेबिलिटी के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया

**भोपाल।** भारत के सबसे ट्रेंडी फाइन ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक, मिआ बाय तनिष्क ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में गोल्ड फॉर गोल्ड थीम के तहत सस्टेनेबिलिटी पहलों की सीरीज़ की घोषणा की है। अपनी पृथ्वी को और भी हरीभरी बनाने और ज्वेलरी उद्योग में पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को बढ़ावा देने की मिआ की प्रतिबद्धता इन पहलों में रेखांकित होती है।

पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देने के लगातार प्रयासों में मिआ बाय तनिष्क ने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। जून के महीने में मिआ स्टोर में की गयी हर खरीदारी के लिए उस उपभोक्ता के नाम पर एक पेड़ लगाया जाएगा। पर्यावरण दिवस पहल के तहत, मिआ भारत के हरयाणा में फतेहबाद में ट्रीज़ फॉर विलेजर्स में मिआ योगदान दे रहा है। मिआ की यह पहल पर्यावरण दिवस की ओन्ली वन अर्थ के अनुरूप है, आगे की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी की सुरक्षा करने की अहमियत पर ज़ोर देती है।

यह पहल पर्यावरण को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने के प्रति मिआ के समर्पण को बल देती है और सस्टेनेबिलिटी के लिए हमारे व्यापक विज़न के अनुरूप है। स्टोर्स से लेकर विनिर्माण प्रक्रियाओं तक अपनी पूरी मूल्य श्रृंखला के कई अलग-अलग टच पॉइंट्स में सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता देना मिआ बाय तनिष्क ने जारी रखा है। मिआ के अधिकतम आभूषण रिसाइकल्ड सोने से बनाए जाते हैं, इस तरह फ्रेश सोने को खान से निकालने पर पर्यावरण पर होने वाले असर को लक्षणीय रूप से कम किया जाता है। इससे न केवल प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की जाती है, बल्कि जिम्मेदार सोर्सिंग और पर्यावरण के लिए अनुकूल विनिर्माण प्रथाओं को भी बढ़ावा मिलता है।

## एशियन पेंट्स ने क्रिकेटरों के लिए राह आसान कर दी

**भोपाल।** भारत की सबसे बड़ीपेंट और डेकॉर कंपनी, एशियन पेंट्स, ने 5 से 14 साल के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को ध्यान में रखकर' नियोभारत द्वारा पेश की गयी स्कॉलरशिप' लॉन्चकी। यह पहल उनके ब्रांड के सिद्धांत - 'हर घर खेलेगा, हर घरखिलेगा को दर्शाती है, इससे हर घर में प्रगति और विकास के अवसर पहुंचाने के उनके गंभीर संकल्प का पता चलता है। इस नए अभियान के ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली के साथ, एशियन पेंट्स का लक्ष्य माता-पिता और बच्चों को इस अवसर का लाभ उठाने और क्रिकेट स्कॉलरशिप के लिए नाम लिखवाने के लिए प्रेरित करना है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शैलेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री शंभूदयाल सिंह राजपूत, आयु लगभग 42 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 19, शांति नगर नर्मदापुरम (होशंगाबाद) (म.प्र.) सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा नाम (SHAILENDRA) है एवं मेरी कक्षा दसवीं की अंकसूची मे मेरा नाम की अंग्रेजी की स्पेलिंग (SHAILANDRA) अंकित है जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम शैलेन्द्र सिंह राजपूत (SHAILENDRA SINGH RAJPUT) दर्ज है जो कि सही है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः भविष्य में मेरा नाम शैलेन्द्र सिंह राजपूत (SHAILENDRA SINGH RAJPUT) सभी सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावेजों में इन्हीं नामों से जाना एवं पहचाना जावे।

(06 /06/ 2024) 715

**इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम**
**ईसीआईएल (पो.) हैदराबाद 500062, तेलंगाना**

**ईसीआईएल के साथ उज्जवल भविष्य के लिए जुड़ें**

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन भारत सरकार का उपक्रम) ECE, EEE, Mechanical एवं CSE विषय में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (GET) (ईजी-02) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि को दिनांक 15.06.2024 (14.00 बजे) तक विस्तारित किया जाता है विज्ञापन की अन्य शर्तें एवं विवरण यथावत रहेंगी।

**संपूर्ण विवरण (योग्यताओं, आयु इत्यादि) एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया कंपनी की वेबसाइट** https://www.ecil.co.in **देखें।**

**विज्ञापन सं. 06/2024** **उप महाप्रबंधक- मानव संसाधन (भर्ती)**

CBC-48138/12/0003/2425

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज जिला भोपाल**
**क्रमांक/था.प्र./हनु.गंज/भो./मर्ग.क्र./13/24** **दिनांक 5.6.24**

**सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज के मर्ग क्रमांक 13/24 में मृतक हीरालाल पिता नन्ना उम्र 47 साल निवासी मकान नंबर 15/1 बी चमारपुरा भोपाल का होटल राजकुमार घोड़ा नक्कास में रुका था जो दिनांक 24/05/24 रात्रि 10.30 बजे होटल के कमरे में बेहोशी की हालत में मिलने पर जिसे हमीदिया अस्पताल उपचार हेतु लेकर जाने पर डॉक्टर द्वारा चैक करने पर मृत पाया गया, जिसका हुलिया चेहरा लम्बा, रंग गेहुंआ, ऊंचाई 5 फिट 06 इंच करीब क्रीम कलर का पेन्ट पहने शरीर दुबला पतला है जिसके दाहिने हाथ की कलाई पर ऊँ जय मां शारदा लिखा है, जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि इस मृतक के परिजनों संबंध में कोई जानकारी हो तो थाना हनुमानगंज, भोपाल के संपर्क नंबर 9479990603 एवं थाने के संपर्क नंबर 0755-2677323 एवं जांच अधिकारी के मोबाईल नंबर 7049104193 पर तत्काल संपर्क करें।

**जी-11220/24** **थाना प्रभारी, थाना हनुमानगंज भोपाल**

## सूडोकु नवताल- 7087

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7086 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## काकुरो पहेली - 6766



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**





### काकुरो - 6765 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8153



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**


2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, वेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

### शब्द पहेली -8152 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6584



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारों की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6583

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चा | ल | बा | ज | | चा | ला | क | | जा |
| ह | | रि | | आ | ह | | र्ज | | ल |
| त | ला | श | | र | त | न | | प्या | सा |
| | वा | | रा | जू | | ज | ख्म | | ज |
| रा | | तु | म | | जो | र | | ना | |
| म | स्ती | | क | ह | र | | अ | स्ति | त्व |
| अ | | जीं | स | | दा | वा | | क | |
| व | क्त | | म | द | र | | दा | | अं |
| ता | | हे | | र्द | | फि | दा | | जा |
| र | ह | मा | न | | रो | जा | | धू | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6693

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 34 | 6 | 33 | 1 | 33 | 7 |
| 7 | 5 | | | 6 | | |
| | 29 | 2 | 31 | | 31 | 5 |
| | 4 | | 5 | 3 | | 1 |
| 3 | 30 | | 37 | | 33 | |
| | 1 | 5 | | | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6692 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 30 | 2 | 25 | 1 | 34 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


## शब्दजाल - 7693

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | क | प्र | ग | ति | शी | ल | ब | ना | क | ति |
| ती | क | ती | प्र | ल | क | व | जी | ग | कृ | ह |
| क्षा | ड़ | प्र | प्र | न | ल | प्र | छ | प्र | आ | दि |
| ख | क | क | का | ज | ज | पु | का | प्र | प | ल |
| प | प्र | क | शि | दो | ग | ति | अ | प्र | तू | ग |
| झ | क | का | त | ल | प | ह | झ | पू | ना | ण |
| घ | को | ती | श | प्र | म | प्र | जा | से | व | क |
| ला | प्र | क | ता | जा | ई | धा | ब | क | फ | लो |
| श | जा | प्र | बा | हि | प्र | ई | क | प्र | री | प्र |
| प | प | द | र | तै | प | क्रि | जी | र्त | ऐ | ता |
| प | ती | क | क | षी | प्र | है | या | रा | बा | प |

शब्द जाल में 'प्र' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

प्रतीक्षा, प्रकाश, प्रगतिशील, प्रकाशित, प्रकृति, प्रक्रिया, प्रजापति, प्रजासेवक, प्रताप, प्रजाहितैषी.

### शब्दजाल - 7692 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore